# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–02.11.2024 (संध्या 1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह आज आ रहे हैं रांची, कल जारी करेंगे भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र, तीन जगहों पर आयोजित जनसभा को भी करेंगे संबोधित।
2. भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सरकार पर युवाओं को नौकरियां नहीं देने और माता–बहनों को चूल्हा खर्च के नाम पर ठगने का लगाया आरोप।
3. झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता हेमंत सोरेन ने कहा– उनकी सरकार ने चुनावी वादों से कहीं बढ़कर किया काम।
4. मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का जताया अनुमान, सुबह और शाम में कोहरे का रहेगा असर।

**समाचार विस्तार से**

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रात रांची पहुंचेंगे। श्री शाह कल तीन जगहों पर– धालभूमगढ़, बरकट्ठा और सिमरिया में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इधर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार नवंबर को चाईबासा और गढ़वा में चुनावी सभा करेंगे।

झारखंड में भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि श्री शाह कल भारतीय जनता पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र जारी करेंगे।

****************

झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनते ही पहले साल ही डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार दिया जायेगा। आज मनिका में चुनावी सभा में हेमंत सरकार की आलोचना करते हुए श्री सरमा ने कहा कि इस सरकार ने युवाओं और महिलाओं को सिर्फ ठगा है।

वहीं भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सरकार ने 5 लाख नौकरियां देने और माता–बहनों को 2 हजार रुपए हर महीने चूल्हा खर्चा देने का वादा किया था, लेकिन इस सरकार ने इन वादों को पूरा नहीं किया।

इस पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम ऐसे लोग हैं जो वादों से भी अधिक काम करते हैं।

इधर, शिवराज सिंह चौहान ने आज पलामू में कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य में केंद्र से आवंटित पैसे का बडा भ्रष्टाचार किया है।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड को अराजकता की ओर ले गयी है। सांसद श्री प्रकाश ने कहा कि आज आदिवासी सबसे ज्यादा संकट में है जिसके लिए हेमंत सोरेन सरकार जिम्मेवार है।

उधर लातेहार में आयोजित चुनावी जनसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार ने पांच साल के कार्यकाल में जल, जंगल, जमीन से जुड़े लोगों को उनका अधिकार दिलाया और वे विकास कार्यों को बढ़ावा दे रहे हैं।

****************

भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन सरकार से छुटकारा चाहती है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। वे आज गांडेय सीट से पार्टी प्रत्याशी मुनिया देवी के समर्थन में गिरिडीह में जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

***************

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दावा किया है कि इंडिया ब्लॉक मजबूत स्थिति में है। आज रांची में इंडिया ब्लॉक की संयुक्त प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि महागठबंधन के तहत झामुमो 43 सीटों पर, कांग्रेस 30, आरजेडी 6 और माले 3 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। धनवार विधानसभा सीट पर सीपीआई माले और झामुमो के साथ दोस्ताना संघर्ष होगा। विश्रामपुर और छतरपुर विधानसभा सीट पर जल्द फैसला लिया जाएगा।

***************

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी– भाकपा माले ने आज रांची में अपना घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी के शुभेंदु सेन ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के तहत पार्टी ने निरसा, सिंदरी और बगोदर विधानसभा सीट पर अपना प्रत्याशी उतारा है, जबकि धनवार विधानसभा सीट पर पार्टी का झामुमो के साथ दोस्ताना संघर्ष होगा। शुभेंदु सेन ने कहा कि घोषणा पत्र में पार्टी ने रोजगार और स्थानीयता का मुद्दा शामिल किया है।

***************

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। वे आज जमशेदपुर पश्चिम से जदयू प्रत्याशी सरयू राय के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि सरयू राय की जीत सुनिश्चित है।

***************

पाकुड विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम की जीत के लिए आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो आज पाकुड़ में भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं के साथ अलग–अलग बैठक की और चुनावी जीत की रणनीति बनायी। श्री महतो ने भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं से झारखण्ड की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

***************

विधानसभा चुनाव को लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिले में दुर्गम और संवेदनशील इलाकों के 80 मतदान केंद्रों को री–लोकेट किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************

लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र में आज दो वाहनों की सीधी टक्कर में डेयरी वैन चालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दुमका जिले के मुफस्सिल थाना के दुमका–पाकुड़ मार्ग पर एक कार और हाईवा की टक्कर में कार में सवार पति–पत्नी की मौत हो गयी। जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल है।

***************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अगले सात दिनों तक सुबह और शाम कोहरा छाया रह सकता है। जिससे धीरे–धीरे ठंड बढ़ेगी। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होगी।